


नवभारत
भोपाल, रविवार 10 मई, 2026

# शाहपुर में युवक का शव मिलने पर बवाल

## गुस्साई भीड़ ने शराब दुकान में की तोड़फोड़, सड़क किनारे मिला था युवक का शव, इलाके में फैली सनसनी

नवभारत न्यूज

**सागर 9 मई. शाहपुर पुलिस चौकी क्षेत्र के बरेठा बाबा की घाटी के पास सड़क किनारे एक युवक का शव मिलने से हड़कंप मच गया.**

जानकारी के अनुसार मृतक की पहचान शाहपुर निवासी 38 वर्षीय नीरज प्रजापति के रूप में हुई. घटना की सूचना मिलते ही परिजन और ग्रामीण मौके पर पहुंच गए. युवक की मौत को लेकर लोगों में भारी आक्रोश देखने को मिला. शव मिलने के बाद परिजनों ने नीरज की हत्या किए जाने का आरोप लगाया. गुस्साए लोगों ने कार्रवाई की मांग करते हुए सागर-गढ़ाकोटा मार्ग पर चक्काजाम कर दिया. सड़क जाम होने से यातायात प्रभावित हो गया और मौके पर तनावपूर्ण माहौल बन गया. प्रदर्शन के दौरान भीड़ का गुस्सा इतना बढ़ गया कि लोगों ने शाहपुर स्थित शराब दुकान पर हमला कर दिया. भीड़ ने दुकान में जमकर तोड़फोड़ कर आग भी लगाने की चर्चाएं हैं.



सूचना मिलते ही पुलिस और फायर ब्रिगेड की टीम मौके पर पहुंची. काफी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया गया. जानकारी के मुताबिक नीरज प्रजापति शुक्रवार रात अपने साथी सूरज अहिरवार के साथ गढ़ाकोटा की ओर लाइट का सामान लेने निकले थे. बताया जा रहा है कि देर रात रास्ते में बोलेरो वाहन से आए 10 से 12 लोगों ने दोनों को रोक लिया. आरोप है कि हमलावरों ने पहले दोनों के साथ गाली-गलौज की और फिर जमकर मारपीट शुरू कर दी. सूरज अहिरवार किसी तरह अपनी जान बचाकर भाग निकला, लेकिन नीरज को हमलावर लगातार पीटते रहे. बताया जा रहा है कि उन्हें बेहोश होने तक मारा गया. शनिवार सुबह स्थानीय लोगों ने बरेठा बाबा की घाटी के पास सड़क किनारे नीरज को अचेत हालत में पड़ा देखा. सूचना मिलने पर पुलिस पहुंची. बाद में उन्हें अस्पताल ले जाया गया, जहां डॉक्टरों ने मृत घोषित कर दिया.

> घायल सूरज अहिरवार ने बताया कि हमला करने वालों में अंशुल, छोटू, भगवत और नीलेश सहित कई अन्य लोग शामिल थे. मृतक की पत्नी वंदना प्रजापति ने बताया कि नीरज घर से सामान लेने निकले थे और जल्दबाजी में अपना मोबाइल घर पर ही छोड़ गए थे. रात देर तक वापस नहीं लौटने पर परिवार के लोगों ने तलाश शुरू की, लेकिन उनका कहीं पता नहीं चला. पुलिस से सूचना मिलने पर परिवार पहुंचा. एएसपी लोकेश सिन्हा ने बताया कि युवक के शरीर पर चोट के निशान पाए गए हैं. परिजनों ने हत्या का आरोप लगाया है. पुलिस ने शव का पोस्टमार्टम कराकर जांच शुरू कर दी है.

# न्यायालयों पर हुआ लोक अदालत का आयोजन

नवभारत न्यूज

**सागर 9 मई. जिला न्यायालय एवं समस्त तहसील न्यायालयों में नेशनल लोक अदालत का आयोजन किया गया.**

उक्त नेशनल लोक अदालत का शुभारंभ ए.डी.आर. सेंटर भवन, जिला न्यायालय परिसर सभागार में महेश कुमार शर्मा, प्रधान जिला न्यायाधीश/अध्यक्ष द्वारा किया गयाः इस मौके पर जिला स्थापना पर पदस्थ समस्त न्यायाधीश के साथ अध्यक्ष अधिवक्ता संघ जितेन्द्र सिंह राजपूत, राजेश पांडे सदस्य राज्य अधिवक्ता परिषद एवं श्रीमती रश्मि रितु जैन सदस्य राज्य अधिवक्ता परिषद उपस्थित रहीं. उक्त नेशनल हेतु जिला न्यायालय सहित तहसील न्यायालयों हेतु कुल 48 खण्डपीठों का गठन किया गया था जिसमें जिला न्यायालय हेतु कुल 21 खण्डपीठों का गठन किया गया था. जिसमें समस्त पीठासीन अधिकारियों द्वारा प्रकरण का निराकरण किया गया. इस नेशनल लोक अदालत में जिला न्यायालय स्थापना द्वारा कुल 1251 प्रकरणों का निराकरण किया गया जिसमें राशि रूपये 11,65,26,019/- का अवार्ड किया गया. खण्डपीठों के समक्ष प्रस्तुत प्री-लिटिगेशन प्रकरणों में से कुल 2,222 प्रकरण निरीकृत हुए जिसमें कुल राशि रूपये 1,85,81,376 / विभागों / बैंकों में नियमानुसार जमा कराई गई. उक्त प्रकरणों में मोटर दुर्घटना के 63 प्रकरणों का निराकरण कर क्षतिपूर्ति राशि रूपये 2,09,06,586/- के अवार्ड पारित किए गए, चैक बाउंस के 177 प्रकरणों के निराकरण में कुल राशि रूपये 5,91,78,563/- का समझौता अवार्ड किया गया. आपराधिक प्रकृति के शमनीय 328 प्रकरण, विद्युत के 56 प्रकरण, पारिवारिक विवाद के 96 प्रकरण तथा दीवानी एवं अन्य प्रकृति के 531 प्रकरण का निराकरण किया गया. प्री-लिटिगेशन प्रकरणों में विभिन्न बैंकों के 111 प्रकरण, विद्युत विभाग के 466 प्रकरण रहे.



# व्यवस्था समितियों के साथ बैठक

नवभारत न्यूज

**सागर 9 मई. भाजपा के आगामी जिला स्तरीय प्रशिक्षण वर्ग को लेकर संगठनात्मक तैयारियां तेज हो गई हैं.**

17 एवं 18 मई को सागर में आयोजित होने वाले दो दिवसीय प्रशिक्षण वर्ग की तैयारियों के संदर्भ में भाजपा जिला प्रभारी लोकेंद्र पाराशर ने विभिन्न व्यवस्था समितियों की महत्वपूर्ण बैठक लेकर तैयारियों की व्यापक समीक्षा की. बैठक में प्रशिक्षण वर्ग को अनुशासित, सुव्यवस्थित, प्रभावी एवं प्रेरणादायी स्वरूप देने को लेकर समिति वार चर्चा की गई.बैठक में जिला अध्यक्ष श्याम तिवारी विशेष रूप से उपस्थित रहे.

उन्होंने कहा कि भारतीय जनता पार्टी का प्रशिक्षण वर्ग केवल एक कार्यक्रम नहीं, बल्कि कार्यकर्ताओं के वैचारिक विकास, संगठनात्मक मजबूती और जनसेवा के संकल्प को सशक्त करने का अभियान है. भाजपा का प्रत्येक कार्यकर्ता संगठन की रीढ़ है और उसकी सक्रियता ही संगठन को मजबूत बनाती है. जिला प्रभारी लोकेंद्र पाराशर ने कहा कि प्रशिक्षण वर्ग संगठन को नई दिशा और कार्यकर्ताओं को नई ऊर्जा देने का माध्यम होता है.

# मदिरा के विरुद्ध कार्रवाई

**सागर.** कलेक्टर श्रीमती प्रतिभा पाल के निर्देशानुसार सहायक आबकारी आयुक्त सागर श्रीमती कीर्ति दुबे के आदेशानुसार अवैध मदिरा विक्रय की शिकायत पर प्राप्त सूचना के आधार पर सागर एवं मकरोनिया शहरी क्षेत्रान्तर्गत गश्त एवं दबिश की कार्यवाही की गई द्य मकरोनिया क्षेत्र से 16 पाव सागर गोल्ड व्हिस्की एवं मकरोनिया वार्ड नंबर 3 से 12 पाव सागर गोल्ड व्हिस्की बरामद होने से 2 न्यायालयीन प्रकरण म. प्र. आबकारी अधिनियम की धारा 34,1 के तहत पंजीबद्ध किये गए. विभाग द्वारा निरंतर गश्त की जा रही है .

# शिक्षकों से संपर्क एवं योजना विषयक चर्चा

नवभारत न्यूज

**सागर 9 मई. कॉलेज चलो अभियान के द्वितीय चरण के अंतर्गत पंडित दीनदयाल उपाध्याय शासकीय कला एवं वाणिज्य अग्रणी महाविद्यालय के प्राध्यापकों की टीम शासकीय उच्चतर विद्यालय पुरानी सदर, शासकीय हुलासीराम विद्यालय तथा शासकीय एमएलबी क्रमांक 2 डीएनसीबी शासकीय विद्यालय में पहुंचकर वहां के शिक्षकों से संपर्क एवं योजना विषयक चर्चा की.**

इस दौरान विद्यालयों के स्टूडेंट व्हाट्सएप ग्रुप में महाविद्यालय के वीडियो एवं टेक्स्ट संदेश साझा कर कक्षा 12वीं के विद्यार्थियों को उच्च शिक्षा में प्रवेश हेतु प्रेरित किया गया. कॉलेज चलो अभियान का मुख्य उद्देश्य विद्यालयीन विद्यार्थियों में उच्च शिक्षा के प्रति जागरूकता उत्पन्न करना, उच्च शिक्षा में ड्रॉप आउट रेट को कम करना तथा शैक्षणिक सुविधाओं की जानकारी विद्यार्थियों तक पहुंचाना है. कार्यक्रम के दौरान डॉ. अभिलाषा जैन, डॉ. राणा कंजर सिंह ठाकुर, सुरेंद्र यादव, डॉ. संदीप तिवारी एवं डॉ. भानुप्रिया पटेल ने प्रवेश प्रक्रिया की महत्वपूर्ण तिथियों, ई-प्रवेश पोर्टल की जानकारी दी.




# कारण बताओं नोटिस जारी

नवभारत न्यूज

**सागर 9 मई. कलेक्टर एवं प्रमुख जनगणना अधिकारी श्रीमती प्रतिभा पाल ने सख्त सख्त कार्यवाही करते हुए जनगणना के अंतर्गत मकानगणना कार्य में प्रगति न लाने पर पांच जनगणना चार्ज अधिकारियों को कारण बताओं नोटिस जारी किए। उन्होंने दो दिवस में प्रगति न लाने पर कार्यवाही करने के भी निर्देश दिए.**

उन्होंने कहा कि 10 मई तक 50 प्रतिशत कार्य पूर्ण करें, 15 मई तक 75 एवं 20 मई तक 100 प्रतिशत कार्य पूर्ण करें. पवन कुमार शर्मा मुख्य नगर पालिका एवं जनगणना चार्ज अधिकारी मकरोनिया, बालकिशन पटेल मुख्य नगर परिषद एवं जनगणना चार्ज अधिकारी शाहपुर, आकाश जैन जनगणना चार्ज अधिकारी राहतगढ, प्रेमनारायणसिंह तहसीलदार एवं जनगणना चार्ज अधिकारी जैसीनगर, अनिल कुशवाहा तहसीलदार एवं जनगणना चार्ज अधिकारी बांदरी को नोटिस दिया गया है. कलेक्टर ने निर्देश दिए कि मकानगणना का कार्य सर्वोच्च प्राथमिकता का है. समय—सीमा के पूर्व पूरा करें.

# ईश्वर समय नहीं, श्रद्धा-समर्पण देखते : जया किशोरी

नवभारत न्यूज

**बीना 9 मई. धार्मिक, सांस्कृतिक और आध्यात्मिक चेतना से सराबोर बीना नगरी में संगीतमय श्रीमद् भागवत कथा का भव्य शुभारंभ अंतरराष्ट्रीय ख्यातिप्राप्त कथा प्रवक्ता जया किशोरी के साथ हुआ.**

अपने प्रेरणादायी उद्बोधन में जया किशोरी जी ने श्रद्धालुओं को जीवन में भक्ति, संस्कार, सेवा और सकारात्मक सोच का महत्व समझाया. उन्होंने कहा कि भगवान को पाने के लिए वर्षों की कठिन तपस्या आवश्यक नहीं है, बल्कि सच्चे मन और भाव से किया गया स्मरण ही पर्याप्त है.




ईश्वर समय नहीं, बल्कि श्रद्धा और समर्पण को देखते हैं. उन्होंने कहा कि आज के समय में मनुष्य बाहरी दिखावे में उलझता जा रहा है, जबकि भगवान केवल निर्मल भाव और सच्ची आस्था को स्वीकार करते हैं. यदि व्यक्ति सच्चे मन से भगवान का स्मरण करे तो जीवन की कठिनाइयां स्वतः सरल होने लगती हैं. उन्होंने युवाओं से भारतीय संस्कृति और पारिवारिक मूल्यों से जुड़े रहने का आह्वान भी किया. भीषण गर्मी को देखते हुए पर्याप्त मात्रा में शीतल पेयजल, बैठने की व्यवस्था, साफ-सफाई, चिकित्सा सहायता, सुरक्षा व्यवस्था एवं वाहन पार्किंग सुविधाएं उपलब्ध कराई गई.

# महिला ने लगाई सुरक्षा की गुहार

नवभारत न्यूज

**सागर 9 मई. गोपालगंज थाना क्षेत्र में एक महिला ने क्षेत्र के दबंग परिवार पर घर खाली कराने के लिए लगातार प्रताड़ित करने, जान से मारने की धमकी देने, गाली-गलौज करने और मारपीट का प्रयास करने जैसे गंभीर आरोप लगाए हैं.**

पीड़िता नेगोपालगंज थाने में लिखित शिकायत सौंपकर परिवार की सुरक्षा की मांग की है. पीड़िता श्रीमती फरीदा बेगम पत्नी शेख नवाब, निवासी तकिया कब्रिस्तान गोपालगंज ने शिकायत में बताया कि क्षेत्र के गुड्डा उर्फ रहमान, उसके पुत्र इमरान, रिजवान और कमरान लगातार उनके परिवार को मानसिक रूप से प्रताड़ित कर रहे हैं. आरोप है कि आरोपी कई बार घर पर आकर गाली-गलौज करते हैं और जान से मारने की धमकी दी जाती है. पीड़िता के अनुसार 8 मई को आरोपी उनके घर पहुंचे और अभद्रता करते हुए धमकी देने लगे. उस समय घर में केवल फरीदा बेगम, उनकी बेटी आशिया और नातिन मौजूद थीं. फरीदा बेगम ने बताया कि उनके पति निजी सुरक्षा गार्ड की नौकरी करते हैं और घटना के समय घर पर मौजूद नहीं थे. पुलिस का कहना है कि महिला द्वारा लिखित शिकायत प्राप्त हुई है, मामले को गंभीरता से लेते हुए जांच शुरू कर दी गई है.

# फेलिक्स जेनेरिक्स का कैंपस ड्राइव संपन्न

नवभारत न्यूज

**सागर 9 मई. बाबूलाल ताराबाई इंस्टीट्यूट ऑफ फार्मास्यूटिकल साइंस, सिरोंजा में फेलिक्स जेनेरिक्स प्राइवेट लिमिटेड का कैंपस ड्राइव आयोजित किया गया.**

इस कैंपस ड्राइव में कॉलेज के बी.फार्मा, डी.फार्मा, बीटेक, एम फार्मा, एम.टेक एवं एम.एससी के विद्यार्थियों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया. चयनित छात्रों को प्रोडक्शन, क्वालिटी कंट्रोल, वैलिडेशन, सप्लाई चेन मैनेजमेंट, इंजीनियरिंग एवं रिसोर्स में ट्रेनिंग दी जाएगी. चयनित छात्रों की पोस्टिंग पीथमपुर, जिला धार में होगी. इस अवसर पर चेयरमैन संतोष जैन घड़ी, सेक्रेटरी डॉ. सत्येंद्र जैन, ग्रुप रजिस्ट्रार डॉ. तरुण कुमार सिंह, प्राचार्य डॉ. अशोक जैन, प्राचार्य डॉ. वीरेश फुसेकेले, प्लेसमेंट एडवाइजर डॉ. सचिन चौधरी, एनएसएस अधिकारी शेख शाहिद, भूपेन्द्र नामदेव, दीपक रैकवार, लक्ष्मीकांत गौतम, दीक्षा जैन, हर्षिता जैन, नीलेश रैकवार एवं समस्त स्टाफ उपस्थित रहे. चेयरमैन श्री जैन ने कहा कि यह उपलब्धि छात्रों की मेहनत और संस्थान की गुणवत्ता पूर्ण शिक्षा का परिणाम है. विद्यार्थियों के सुनहरे करियर की कामना की है.




# पंछी प्याऊ का शुभारंभ हुआ



नवभारत न्यूज

**बीना 9 मई. अलंकरण समिति, बीना द्वारा इस भीषण गर्मी में, बेजुबान पक्षियों को पानी की उपलब्धता के लिए पंछी प्याऊ का शुभारंभ एसडीएम रवीश श्रीवास्तव एवं तहसीलदार डां. अंबर पंथी ने अपने करकमलों से तहसील परिसर में लगे वृक्षों पर सकोरे टांग कर किया.**

एसडीएम रविश श्रीवास्तव ने कहा कि, पक्षीयों को इस तेज गर्मी में पानी के लिए इस प्रकार सकोरे उपलब्ध कराने का नेक कार्य सभी को करना चाहिए, अपने अपने घरों पर भी पक्षियों को पीने के लिए पानी एवं खाने के लिए दाना की व्यवस्था सभी करें. तहसीलदार डॉ. अंबर पंथी ने कहा कि पक्षी, हम इंसान के जैसे बोल नहीं सकते, गर्मी में उन्हें भी बहुत ज्यादा प्यास लगती है,पंछी प्याऊ अभियान के माध्यम से जगह-जगह सकोरे वृक्षों पर टांगे जाएंगे, जिससे पक्षियों को पीने के लिए पानी मिल सकेगा. समिति के संरक्षक सुजीत क्लॉडियस ने बताया कि विगत 23 वर्ष से समिति, पक्षियों को पानी के लिए सकोरों का वितरण करती है.

# कुर्मी महिला सम्मान समारोह आज होगा

**सागर.** अखिल भारतीय कुर्मी क्षत्रिय महासभा के तत्वाधान में प्रथम वीरांगना तुलसाबाई कुर्मी महिला सम्मान समारोह का आयोजन रविवार 10 मई को प्रात: 10 बजे संजय ड्राइव स्थित एक निजी गार्डन में आयोजित किया जाएगा. आयोजन प्रदेश अध्यक्षा महिला प्रकोष्ठ डॉ. हेमकुमारी कुर्मी के नेतृत्व में किया जा रहा है. समारोह में पूर्व राज्यसभा सांसद राजमणि पटेल मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहेंगे. वहीं मध्यप्रदेश पिछड़ा वर्ग आयोग के अध्यक्ष डॉ. रामकृष्ण कुसमरिया, राज्य मंत्री पशुपालन एवं डेयरी विभाग लखन पटेल, सांसद डॉ. लता वानखेड़े, पूर्व मंत्री कमलेश्वर पटेल सिलवानी विधायक देवेन्द्र पटेल विशेष अतिथि कार्यक्रम में शामिल होंगे.

# ट्रेन में बच्चे गुजरात की ओर जाते हुए पाए गए पांच नाबालिग बच्चों को उतारा

नवभारत न्यूज

**सागर 9 मई. बीना में युवक समेत पांच बच्चों को उतारा, स्टाप कम होने के चलते ट्रेन रवाना बाल कल्याण समिति को सूचना मिलने पर बीना रेलवे जंक्शन पर गुरुवार शाम अंत्योदय एक्सप्रेस की सघन चेकिंग की गई.**

ट्रेन में बड़ी संख्या में बाल मजदूरों को बिहार से गुजरात ले जाया जा रहा है. चेकिंग के दौरान एक संदिग्ध व्यक्ति को ट्रेन से उतारा गया, जिससे पूछताछ की जा रही है. बाल कल्याण समिति के सदस्यों को ट्रेन नंबर 15559 दरभंगा-अहमदाबाद एक्सप्रेस में बाल मजदूरों के होने की जानकारी मिली थी. यह बच्चे बिहार से गुजरात के कई शहरों में काम करने के लिए ले जाए जा रहे थे. समिति ने इसकी सूचना जबलपुर और भोपाल मंडल के रेल अधिकारियों को भी दी थी. सागर रेलवे स्टेशन पर ट्रेन का स्टॉपेज कम होने के कारण वहां कोई कार्रवाई नहीं हो सकी. पांच बच्चों को उतारा, बाकी रवाना गुरुवार शाम जब ट्रेन बीना स्टेशन के प्लेटफॉर्म नंबर एक पर पहुंची, तो बाल कल्याण समिति के सदस्यों के साथ जीआरपी और आरपीएफ के जवानों ने सघन चेकिंग अभियान चलाया. इस दौरान ट्रेन में 100 से अधिक बच्चे गुजरात की ओर जाते हुए पाए गए. समिति के सदस्यों ने एक संदिग्ध राम दास को ट्रेन से नीचे उतारा. पूछताछ में राम ने बताया कि वह तीन नाबालिग सहित कुल पांच बच्चों को रायसेन ले जा रहा था.



# योग साधको ने हर्ष जताया

नवभारत न्यूज

**ललितपुर 9 मई. योगा फेडरेसन ऑफ इंडिया से सम्बद्ध योगा स्पोर्ट्स अलाईनस एसोसिएसन उत्तर प्रदेश ने ललितपुर मे योगाचार्य अनुराग चतुर्वेदी को मुख्य सचिव बनाने पर सभी योग साधको ने हर्ष जताया.**

योगा स्पोर्ट्स अलाईनस एसोसिएसन के प्रदेश सचिव आचार्य सुनील कुमार व अध्यक्ष डॉ महेश चंद्र की संस्तुति पर ललितपुर के मुख्य सचिव पद पर योग के क्षेत्र मे विगत कई वर्षो से कार्य कर रहे योगाचार्य अनुराग चतुर्वेदी की नियुक्ति की है. कंपनी बाग् स्थित योग कक्षा मे एक बैठक आयोजित की गयी जिसमें सभी योग साधक गण ने योगाचार्य अनुराग चतुर्वेदी को फूल मला पहनाकर बधाई दी योगाचार्य अनुराग चतुर्वेदी ने बताया कि चूँकि योग को अब स्पोर्ट के रूप मे भी शामिल किया गया इसलिए योग को खेल के रूप मे ललितपुर की पहचान योग की विभिन्न प्रतियोगिताओं के माध्यम से अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर दिलाना व छात्र छात्राओं को कैरियर मे भी योग का लाभ दिलाना. अध्यक्ष के रूप मे सुधीर त्रिपाठी सचिव के रूप मे योगाचार्य मुकेश साहू ऐड आयोजन सचिव अजित नपित, कोषाध्यक्ष महेश पटेरिया, उपाध्यक्ष राहुल समाधिया, मीडिया सचिव मनोज झा, योग शिक्षक परशुराम साहू है.




# गर्ल्स बटालियन का वार्षिक शिविर

नवभारत न्यूज

**सागर 9 मई. म.प्र. बालिका बटालियन एनसीसी में 10 दिवसीय वार्षिक प्रशिक्षण शिविर का आयोजन 7 मई तक एसव्हीएन यूनिवरसिटी सिरोजा में संपन्न किया जा रहा है.**

शिविर कैम्प कमांडेट कर्नल सुजीत डी देशमुख, डिप्टी कैम्प कमांडेट मेंजर प्रतिभा तिवारी के नेतृत्व में चलाया जा रहा हैं शिविर में लगभग 500 एनसीसी सीनियर विंग, सीनियर तथा जूनियर विंग, कैडेट्स भाग ले रहे हैं. कैडेट्स इस शिविर में फायरिंग, ड्रिल, मैप रीडिंग टैन्ट पिचिंग, पीटी, योगा के साथ सामायिक विषयों का भी अध्ययन कर रहे हैं. शिविर में एनसीसी कैडेट्स की प्रतिभा को निखारने के लिए वाद विवाद प्रतियोगिता, सामूहिक नृत्य, नाटक, पेंटिग स्लोगन रंगोली आदि प्रतियोगिता में प्रतिभागिता करने का अवसर प्राप्त होगा. एनसीसी कैडेट्स को एनसीसी एबी एवं सी सार्टिफिकिट परीक्षा में सम्मिलित होने के लिए वार्षिक प्रशिक्षण शिविर करना अनिवार्य होता हैं. प्रशिक्षण शिविर के पश्चात् एनसीसी कैडेट्स में विश्वास एवं आत्मविश्वास जागृत होना स्वाभाविक प्रक्रिया है जो कि भविष्य में आयामों में सफल बनाने में भूमिका निभाती हैं.




# लोक अदालत का आयोजन



नवभारत न्यूज

**सागर 9 मई. व्यवहार न्यायालय केसली में राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन हुआ.**

अध्यक्षता पीठासीन अधिकारी कुलदीप नामदेव द्वारा की गयी एवं सुहलकर्ता सदस्य के रूप में अधिवक्ता विजय विश्वकर्मा उपस्थित रहे तथा न्यायाधीश द्वारा समझौता करने वाले पक्षकारों को पौधे भेंट किये गये. लोक अदालत में पक्षकारों के मध्य आपराधिक शमनीय मामले, चेक बाउंस के मामले, भरण-पोषण के मामले और दीवानी मामलों का समझौतों के माध्यम से निराकरण किया गया, मध्यांचल ग्रामीण बैंक और स्टेट बैंक ऑफ इंडिया के द्वारा प्री-लिटीगेशन के माध्यम से प्रकरणों में समझौता किया गया.

# कांग्रेस नेताओं ने किया गेहूं खरीदी केंद्रों का निरीक्षण

नवभारत न्यूज

**शाहगढ़ 9 मई. जिला कांग्रेस कमेटी सागर (ग्रामीण) के अध्यक्ष ब्लॉक कांग्रेस कमेटी के नेतृत्व में शाहगढ़ कृषि उपज मंडी में संचालित गेहूं खरीदी केंद्रों का निरीक्षण किया गया.**

इस निरीक्षण कार्यक्रम की अध्यक्षता बंडा विधानसभा के पूर्व विधायक तरवर सिंह लोधी ने की. कांग्रेस नेताओं के इस दल ने मंडी में बने विभिन्न केंद्रों पर जाकर व्यवस्थाओं का जायजा लिया और वहां मौजूद किसानों से सीधा संवाद किया. निरीक्षण के दौरान किसानों ने गेहूं, चना और मसूर की खरीदी में आ रही विभिन्न तकनीकी और व्यावहारिक समस्याओं से नेताओं को अवगत कराया. पूर्व विधायक तरवर सिंह और ब्लॉक अध्यक्ष श्रीराम यादव ने किसानों को आश्वासन दिया कि उनकी समस्याओं को प्रशासन के समक्ष प्रमुखता से उठाया जाएगा ताकि उनकी उपज की तुलाई और भुगतान समय पर हो सके. इस अवसर पर ब्लॉक कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष श्रीराम यादव सरपंच कानीखेड़ी बलवंत सिंह बुंदेला, अनूप मिश्रा, सुशील गुप्ता, दीपक सिंघई,लोकराम विश्वकर्मा, शिवाजी राजा रामजी यादव रगवीर यादव, सोनू भाईजान, भारत असाटी, पार्षद जगत यादव, सरकल गौड़, गिरजाशंकर अहिरवार, दीपक नामदेव, अरविंद जैन मौजूद थे.

